<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

लखनऊः 13 जनवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के दीक्षान्त समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री, श्री राजनाथ सिंह व वैज्ञानिक, पद्म भूषण डाॅ0 मंजू शर्मा को मानद् उपाधि प्रदान की। समारोह में छात्र-छात्राओं को शोध और स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ स्वर्ण पदक भी वितरित किये गये। इस अवसर पर लखनऊ के महापौर, डाॅ0 दिनेश शर्मा, पूर्व सांसद श्री लालजी टण्डन, विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 आर0सी0 सोबती सहित कार्यपरिषद एवं विद्वत परिषद के सदस्यगण भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने पदक विजेताओं एवं उपाधि प्राप्तकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उपाधि प्राप्त होने से जीवन का नया अध्याय शुरू हो रहा है। विद्यार्थियों को भावी जीवन में अपना स्थान बनाने के लिये कड़ी स्पर्धा का सामना करना होगा। उन्होंने कहा कि अच्छे और प्रभावी व्यक्तित्व से ही मनुष्य आगे बढ़ सकता है।

श्री नाईक ने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए सदैव प्रसन्नचित्त रहना चाहिए, किसी की अवमानना नहीं करनी चाहिए, दूसरों के अच्छे गुणों की प्रशंसा करें तथा हर कार्य को और बेहतर तरीके से करने का प्रयास करें। स्वर्ण पदक वितरण में छात्र-छात्राओं के बीच प्रतिस्पर्धा को देखकर उन्होंने कहा कि राजनीति में तो महिलाओं के लिए केवल 33 प्रतिशत आरक्षण की बात है लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत से ज्यादा है। उन्होंने इस स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की प्रशंसा की।

केन्द्रीय गृहमंत्री, श्री राजनाथ सिंह ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सशक्त एवं स्वावलम्बी भारत बनाने में अपना योगदान दें। पूरा विश्व एक परिवार है, की भावना को बढ़ायें। अपने सुख में समाज को जोड़े। उन्होंने कहा कि बडे मन से काम करें तो बडे से बड़ा मुकाम हासिल करने में कोई नहीं रोक सकता।
केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में विज्ञान का स्वर्णिम इतिहास रहा है। देश के ज्ञान और महत्व को समझने की जरूरत है। शिक्षा में संस्कार और मूल्यों का संकट न आने दें। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए प्रयास करें तथा गंभीरता से विचार करें।

इस अवसर पर कुलपति, प्रो0 आर0सी0 सोबती ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कई योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा भावी योजनाओं के बारे में भी चर्चा की।

PROF. R.C. SOBTI
Vice Chancellor,